आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 25.01.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :—**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज शाम राष्ट्र को संबोधित करेंगी।
- गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा— एक सशक्त और समृद्ध भारत का निर्माण केवल अधिकारों से नहीं, बल्कि संवैधानिक कर्तव्यों के पालन से संभव।
- राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राष्ट्रपति ने कहा— मतदान सिर्फ राजनीतिक अभिव्यक्ति नहीं बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में नागरिकों की आस्था का प्रतीक है।
- आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा— प्रदेश में भ्रष्टचार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाई सुनिश्चित की जाएगी।

-------

**गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर अब से कुछ देर बाद राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम 7 बजे से आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय चैनलों पर प्रसारित होगा और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी में प्रसारित किया जाएगा। इसके बाद इसका अंग्रेजी संस्करण में भी प्रसारण होगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद, दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों पर क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय चौनलों पर रात साढ़े 9 बजे से क्षेत्रीय भाषाओं में राष्ट्रपति का संबोधन प्रसारित करेगा।

**राज्यपाल बधाई**

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने प्रदेशवासियों को 77 वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी, भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पी बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी और संविधान निर्माताओं को नमन किया है।

राज्यपाल ने कहा कि एक सशक्त और समृद्ध भारत का निर्माण केवल अधिकारों से नहीं, बल्कि हमारे संवैधानिक कर्तव्यों के पालन से संभव है।

राज्यपाल ने कहा कि आज का युग तकनीक का युग है। डिजिटल इंडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम टेक्नोलॉजी– ये केवल शब्द नहीं हैं, बल्कि आने वाले दशकों की वास्तविकता हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए सभी को अपने–अपने क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। मातृशक्ति अपनी पारंपरिक कुशलता और नेतृत्व क्षमता से ग्रामीण अर्थव्यवस्था, विशेषकर स्वयं सहायता समूहों को 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को आत्मसात कर नई ऊंचाइयों पर ले जाएं। युवा नवाचार और कौशल विकास को अपनाकर राज्य को 'स्टार्टअप हब' बनाने में योगदान दें।

गणतंत्र दिवस की तैयारियां

प्रदेश में 77वें गणतंत्र दिवस की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। मुख्य समारोह का आयोजन देहरादून के परेड ग्राउंड में किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम किए गए हैं। समारोह में राज्य के विभिन्न विभागों की झांकियाँ प्रस्तुत की जाएँगी। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर राज्यपाल गुरमीत सिंह विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करेंगे।

इसके अलावा, राज्य के जिला मुख्यालयों, सरकारी तथा निजी संस्थानों में भी भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। वहीं, गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राज्य के सरकारी भवनों को तिरंगे की रोशनी से सजाया गया है।

**<u>सेवा पदक</u>**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस, अग्निशमन, होमगार्ड और सिविल डिफेंस तथा करेक्शनल सर्विसेज के नौ सौ बयासी कर्मियों को वीरता और सेवा पदक दिए गए हैं। इनमें से एक सौ पच्चीस कर्मियों को वीरता पदक से सम्मानित किया गया हैं। यह पदक जीवन बचाने, संपत्ति की रक्षा करने, अपराध रोकने और अपराधियों को गिरफ्तार करवाने में अदम्य साहस दिखाने के लिये दिया जाता है। इसके अलावा

एक सौ एक विशिष्ट कर्मियों को राष्ट्रपति सेवा पदक तथा सराहनीय सेवा के लिए सात सौ छप्पन कर्मियों को पदक दिए गए है।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस

समग्र राष्ट्र आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस मना रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह की अध्यक्षता की। राष्ट्रपति ने कहा है कि मतदान केवल राजनीतिक अभिव्यक्ति नहीं बल्कि देश की लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया में नागरिकों के विश्वास का प्रतीक है।

राष्ट्रपति ने निरंतर चुनाव सुधारों के लिए निर्वाचन आयोग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मतदान का अधिकार जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही अधिक महत्वपूर्ण यह भी है कि लोग जिम्मेदारी के साथ अपना कर्तव्य समझकर मतदान करें।

## मतदाता दिवस पर राज्यपाल संदेश

16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आज देहरादून स्थित लोक भवन में राज्य स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति सजग, जागरूक और सक्रिय नागरिक होते हैं। उन्होंने कहा कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक और संवैधानिक कर्तव्य है। राज्यपाल ने सभी से आह्वाहन किया कि प्रत्येक निर्वाचन में अनिवार्य रूप से अपने मत का प्रयोग करें और लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाएँ। उन्होंने कहा कि जब हर नागरिक मतदान करता है, तब भारत का लोकतंत्र और अधिक मजबूत बनता है।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा कि भजन और कीर्तन सदियों से भारतीय संस्कृति की आत्मा रहे हैं। आज के युवा ने इस भक्तिभाव को अपने अनुभव और जीवन शैली में शामिल किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस सोच ने एक नई सांस्कृतिक रूझान को जन्म दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत देश में अब तक दो सौ करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके  हैं।

इस बीच, प्रदेशभर में मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून स्थित दून लाइब्रेरी में कार्यक्रम को सुना। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम का हर एपिसोड प्रेरणादायी होता है।

## सीएम ऑन घोटाला

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश में भ्रष्टचार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाई सुनिश्चित की जाएगी। आज देहरादून में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेन्स की नीति लगातार जारी है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री आज देहरादून में होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग में वर्दी सामग्री खरीद से जुड़े घोटाले पर बोल रहे थे।

## गणतंत्र दिवस परेड

कल देश अपना 77वां गणतंत्र दिवस मनाएगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा के नयाल खोला की मूल निवासी और एनसीसी कैडेट11यूके बटालियन की सीनियर अंडर ऑफिसर नैना बिष्ट का गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय परेड 2026 के लिए चयन हुआ है।

क्रॉस कंट्री दौड़

16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर चम्पावत जिले के विभिन्न स्थानों में रैली व क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। जिले के टनकपुर, लोहाघाट, व चम्पावत में सैकड़ों युवाओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

इससे पूर्व गौरलचौड़ खेल मैदान से बस स्टेशन चम्पावत तक गणतंत्र दिवस और मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से मतदाता जागरूकता, सड़क सुरक्षा सप्ताह तथा सुरक्षित यातायात के संबंध में आमजन को जागरूक किया गया। इस अवसर पर मतदाता दिवस शपथ एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित शपथ भी दिलाई गई।